NT>

14.06 hrs.

Title: Need to release funds from Central Road Fund for construction of Sagar-Rahli-Patala Jabalpur Road in Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर मध्य प्रदेश से सागर जबलपुर मार्ग रहली एवं झलोन होकर जबलपुर जाता है। इस मार्ग से सागर से जबलपुर की दूरी लगभग 40 किलोमीटर कम हो जाती है तथा सागर, देवरी मार्ग पर बम्हेरी तिगड़्ढ़ा पर जो कि फोर लाइन एक्सप्रैस हाइवे मार्ग कश्मीर से कन्याकुमारी के नाम से जाना जाता है, इस तिराहे से जबलपुर, कोलकाता राट्रीय राजमार्ग इन दोनों के बीच के मार्ग को केन्द्रीय सड़क निधि से निर्माण कराया जाकर दो प्रमुख मार्गों को जोड़ा जा सकता है जिससे दोनों संभांगों के चार लोक सभा क्षेत्रों के यात्रियों को यात्रा में लगने वाला समय भी कम लगेगा तथा पैसे की भी बचत होगी।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सागर से रहली, झलोन, पाटल जबलपुर मार्ग को प्राथमिकता के आधार पर केन्द्रीय सड़क निधि से बनवाने का सहयोग करें।